



# निर्जला एकादशी पर वंदे गंगा जल सेवा की

## वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत हुआ आयोजन

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में निर्जला एकादशी के अवसर पर जयपुर जिले में वंदे गंगा जल सेवा का आयोजन किया गया। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के दूसरे दिन आयोजित वंदे गंगा जल सेवा के तहत जयपुर शहर के विभिन्न स्थानों के अतिरिक्त समस्त उपखंडों में विभागों, भामाशाहों, स्वयं सेवी संस्थाओं,

- मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने माधोराजपुरा में लिया जल संरक्षण कार्यों का जायजा




निर्जला एकादशी के अवसर पर जयपुर जिले में वंदे गंगा जल सेवा का आयोजन किया गया।

सामाजिक संगठनों के सहयोग से आमजन को जल सेवा से लाभांवित किया गया।

इस दौरान रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, कृषि उपज मंडी सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आमजन को जल के साथ-साथ शीतल पेय भी मुहैया करवाया गया। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न जल स्त्रोतों पर श्रमदान का आयोजन किया गया। इस दौरान जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई की गई।

**मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने लिया विकास कार्यो का जायजा**

वहीं, माधोराजपुरा उपखंड में मीडिया प्रतिनिधियों ने जल संरक्षण कार्यों का जायजा लिया। विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत हरसुलिया के किशनपुरा गांव में फार्म पौंड योजना के तहत निर्मित फार्म पौंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी माधोराजपुरा राजेश मीणा ने मीडिया संस्थानों प्रतिनिधियों को प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना की जानकारी दी। इसके बाद जानकीनाथपुरा में संकन पोंड का अवलोकन किया गया इस दौरान मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत पौधारोपण किया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत गोहंदी में आयोजित कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी राजेश मीणा ने पत्रकारगणों को उपखंड में विकास कार्यों एवं राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की जानकारी प्रदान की।

# चोरी हुआ एनएस कंपनी का लोडिंग वाहन चित्रकूट इलाके में छुपाया

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने श्याम नगर थाना इलाके में वाहन चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चोरी हुए एनएस कंपनी का लोडिंग वाहन बरामद किया है। वहीं लोडिंग वाहन चुराने वाले वांछित चोरों की तलाश की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त अपराध कुन्दन कंवारिया ने बताया कि सीएसटी ने श्याम नगर थाना इलाके में वाहन चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चोरी हुए एक जून को चोरी हुआ एनएस कंपनी का लोडिंग वाहन चित्रकूट इलाके के टैगोर नगर में मिला। जिसे सीएसटी की टीम सीसीटीवी कैमरे को चेक करते हुए पहुंची। पुलिस ने लोडिंग वाहन को जब्त कर वाहन चोरों की तलाश कर रही है।

# महेश जोशी की ज्यूडिशियल कस्टडी 13 जून तक बढ़ी

- पीठासीन अधिकारी ने वकीलों सहित सभी को बाहर निकालकर महेश जोशी से आधा घंटा बात की।
- वकीलों के अनुसार, पीठासीन अधिकारी ने जेलर को फोन करके महेश जोशी के लिये अलग व्यवस्था करने को कहा।

**जयपुर, 6 जून।** ईडी मामलों की विशेष अदालत ने जल जीवन मिशन में घोटाले से जुड़े मामले में पूर्व मंत्री महेश जोशी की न्यायिक अभिरक्षा की अवधि को 13 जून तक बढ़ा दिया है। इसी दिन जोशी की जमानत अर्जी पर भी बहस होनी है।

सुनवाई के दौरान शुक्रवार को महेश जोशी को न्यायिक अभिरक्षा से पेश किया गया। इस दौरान पीठासीन अधिकारी खगेन्द्र कुमार शर्मा ने अदालत में सभी वकीलों सहित अदालत में मौजूद लोगों को बाहर निकाल दिया करीब आधा घंटे तक जोशी से अकेले में बातचीत की। कोर्ट में उपस्थित वकीलों ने दावा किया है कि इसके बाद पीठासीन अधिकारी ने डायस से ही जेलर को फोन कर महेश जोशी के लिए जेल में अलग से व्यवस्था करने को कहा।

गौरतलब है कि गत सुनवाई में अदालत ने मौखिक रूप से ईडी से सवाल जवाब किए थे। अदालत ने मामले के अनुसंधान अधिकारी से पूछा था कि गवाहों के बयानों के दौरान उनकी वीडियोग्राफी क्यों नहीं की गई। इस पर जांच अधिकारी ने रिकॉर्ड देखकर जवाब देने के लिए अदालत से समय मांगा था। इस पर अदालत ने जमानत अर्जी पर 13 जून तक सुनवाई टाल दी थी। ज्ञातव्य है कि जल जीवन मिशन घोटाले में मामला दर्ज होने के बाद ईडी ने महेश जोशी को गिरफ्तार किया था। इस दौरान जोशी की पत्नी के निधन होने के चलते कोर्ट ने उन्हें दो बार अंतरिम जमानत दी थी।

# बाइक चुराने वाला वाहन चोर नफीस गिरफ्तार

**जयपुर।** गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन (बाइक) चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर नफीस (27) निवासी गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से चोरी की एक बाइक भी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

**ई-रिक्शा चुराने वाले दो आरोपित गिरफ्तार :** वहीं गलता गेट थाना पुलिस ने दूसरी कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा चुराने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से एक चोरी का ई-रिक्शा भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी उदय सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा चुराने वाले रफीक निवासी भट्टा बस्ती और मोहम्मद निराला उर्फ छोटिया निवासी रामगंज जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चुराया गया ई-रिक्शा बरामद किया है।

दोनों आरोपितों के खिलाफ कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है। वहीं पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले दो बालअपचारियोंको निरुद्ध किया गया है। जिनके पास से चोरी की दो एक्टिवा भी जब्त की है।

निरुद्ध बाल अपचारी आदतन आपराधिक प्रवृत्ति के है। जिनकों पूर्व में भी अन्य थानों में चोरी के मामलों में निरुद्ध कर बाल सुधार गृह भिजवा दिया गया था।

# जागृति, संवाद एवं डॉन विषयों पर कार्यशाला एवं विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**जयपुर, 06 जून।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला, जयपुर महानगर-प्रथम के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के द्वारा चलाई जा रही जागृति, डॉन व आशा योजनाओं के संबंध में कार्यशाला एवं मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पवन कुमार जीनवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला, दीपेन्द्र माथुर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर-प्रथम, कुंतल विश्नोई एडीएम 03, बृजमोहन मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण, बबीता राजावत सहायक निदेशक शिक्षा विभाग, श्रीमान बी.पी चंदेल संयुक्त निदेशक समाज कल्याण विभाग, अनिता मुवाल सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग, इंदिरा शर्मा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पैनल अधिवक्ता, पीएलवी व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहें। इस दौरान पवन जीनवाल द्वारा माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में चलाई जा रही जागृति (जस्टिस अवेयरनेस फॉर ग्रासरूट इनफार्मेशन एण्ड ट्रांसपेरेन्सी इन्सिएटिव), डॉन (ड्रग एवेयरनेस एण्ड वैलनेस नेविगेशन), आशा (जागरूकता, समर्थन, सहायता और कार्यवाही) मानक संचालन प्रक्रिया- बाल विवाह से मुक्ति की ओर अग्रसर, 2025 आदि के विषय में जानकारी दी।

# ट्रक की टक्कर से बिजली का पोल गिरा

**जयपुर।** मालपुरा थाना इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बेकाबू होकर बिजली के पोल को टक्कर मार दी। इससे बिजली का पोल एक बाइक पर गिर गया। बिजली के पोल से उठी चिंगारी से बाइक ने आग पकड़ ली। आग से बाइक पूरी तरह से जल गई। हादसे में बाइक चालक बाल-बाल बच गया। बाइक चालक समय रहते गाडी को छोड़कर दूर चला गया। पुलिस के अनुसार खटीकों का मोहल्ला निवासी गोरधन खटीक ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाइक के साथ मोहल्ले में खड़ा था इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक आता दिखा। ट्रक ने बेकाबू होकर बिजली के पोल को टक्कर मार दी। यह देखकर वह बाइक को छोड़कर दूर भाग निकला। बिजली का पोल बाइक के पास आकर गिरा। पोल से उठी चिंगारी से बाइक ने आग पकड़ ली।

# दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर को पकडा

**जयपुर।** भट्टा बस्ती और जिला स्पेशल टीम जयपुर उत्तर(डीएसटी)ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन(स्कूटी) चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को पकडा है और उसके पास से चोरी की एक स्कूटी भी जब्त की गई है। पुलिस जांच में जांच में सामने आया कि आरोपित नशा करने का आदि है और नशा पूर्ति के लिए दुपहिया वाहन चोरी करता है। जिसने कई थाना इलाके से आधा दर्जन से अधिक वाहन चोरी करने की वारदातों को अंजाम दिया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि भट्टा बस्ती और जयपुर उत्तर डीएसटीने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन(स्कूटी) चुराने वाले शातिर वाहन चोर बीस वर्षीय साहिल उर्फ घोचू निवासी भट्टा बस्ती जयपुर को गिरफ्तार किया है।

# चंडीगढ़ में उत्तर क्षेत्रीय राज्यों के ऊर्जा मंत्रियों का सम्मेलन

- पिट हैड के स्थान पर राज्य में ही थर्मल प्लांट को करें अनुमत : ऊर्जा मंत्री

**जयपुर, 6 जून।** ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर शुक्रवार को चंडीगढ़ में उत्तर क्षेत्रीय राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में सम्मिलित हुए। केन्द्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में ऊर्जा मंत्री ने राज्य से संबंधित विषयों को प्रमुखता से रखा। उन्होंने आग्रह किया कि कोयला स्त्रोतों से 1 हजार किलोमीटर से अधिक दूरी होने की स्थिति में पिट हैड पर ही थर्मल प्लांट लगाने की अनिवार्यता पर पुनर्विचार करते हुए संयुक्त उद्यम के तहत छबड़ा एवं कालीसिंध में 3200 मेगावाट के थर्मल प्लांट लगाने की अनुमति प्रदान की जाए।

नागर ने प्रस्तावित 1 हजार मेगावाट की बैटरी स्टोरेज परियोजना के अतिरिक्त 5 हजार मेगावाट की बैटरी स्टोरेज योजना के लिए केन्द्रीय सहायता प्रदान करने की भी मांग रखी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2030 तक लगभग 90 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्ष 2028-29 तक प्रदेश की अधिकतम मांग 26.5 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान है। इस अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए 18.5 गीगावाट क्षमता के बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम विकसित करने की आवश्यकता है। जिसे प्रतिवर्ष 5 हजार मेगावाट बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम क्षमता जोड़कर प्राप्त किया जा सकता है। ऐसे में प्रतिवर्ष 5 हजार मेगावाट स्टोरेज क्षमता विकसित करने के लिए भारत सरकार राज्य को वीजीएफ समर्थन प्रदान करे ताकि प्रदेश के बैटरी एनर्जी स्टोरेज से संबंधित लक्ष्यों की पूर्ति की जा सके।

केन्द्रीय विद्युत मंत्री ने ऊर्जा मंत्री द्वारा उठाए गए इन विषयों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक नजरिये से विचार का आश्वासन दिया। सम्मेलन में हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज, उत्तर प्रदेश के बिजली मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा, दिल्ली सरकार के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद, पंजाब सरकार के ऊर्जा मंत्री हरभजन सिंह आदि ने भी विचार व्यक्त किए। इंटर स्टेट ट्रांसमिशन परियोजनाओं, साइबर सुरक्षा पहलुओं, बिजली की ग्रीष्मकालीन मांग के बेहतर प्रबंधन, विद्युत वितरण निगमों की वित्तीय स्थिति में सुधार आदि विषयों पर चर्चा की गई।

# कलक्टर की पहल से आमजन के लिए राहत की राह हुई प्रशस्त

- जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण में आ रही परेशानी होगी दूर

**जयपुर, 06 जून।** स्वायत शासन विभाग की अधिसूचना द्वारा झोटवाड़ा, सांगानेर, आमेर व बस्सी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत/राजस्व गांव के क्षेत्र को नगर निगम ग्रेटर व हैरिटेज की सीमा में वृद्धि करते हुए शामिल किया गया है ऐसी स्थिति में पिछले कुछ दिनों से पंचायती राज विभाग के आदेश के बाद सम्बंधित ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी (रजिस्ट्रार) ने जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीकरण का कार्य करना बंद कर दिया था इससे इस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आमजन को जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित कार्यों के लिए अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

इस समस्या से आमजन को त्वरित प्रदान करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को निर्देश प्रदान कर नगर निगम क्षेत्र में सम्मिलित राजस्व गांव एवं ग्राम पंचायत को पहचान पोर्टल पर मैप करवा दिया गया है। इससे संबंधित राजस्व गांव व ग्राम पंचायत के लोगों को अपने क्षेत्र के नगर निगम जोन से जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन बनवाने की सुविधा मिल सकेगी।

डॉ. सुदीप कुमावत सहायक निदेशक, जिला कलेक्ट्रट जयपुर ने बताया की जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में राज्य स्तर पर जीवनांक शाखा द्वारा झोटवाड़ा पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाले राजस्व गांव व ग्राम पंचायत के क्षेत्र को नगर निगम जोन झोटवाड़ा में, सांगानेर पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को नगर निगम जोन जगतपुरा में, आमेर पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को नगर निगम जोन आमेर में तथा बस्सी पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को नगर निगम जोन आदर्श नगर में शामिल किया गया है इससे आमजन को अब संबंधित नगर निगम जोन में जन्म मृत्यु वह विवाह पंजीयन के प्रमाण पत्र मिल सकेंगे।

# फर्जी पीएम किसान ऐप से साइबर ठगी का नया जाल

## एपीके फाइल डाउनलोड करते ही हैक हो रहा मोबाइल, बैंक खातों पर भी नजर

**जयपुर।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना के नाम पर इन दिनों सोशल मीडिया पर एक नया साइबर जाल फैलाया जा रहा है। साइबर अपराधी सोशल मीडिया पर किसान सम्मान निधि योजना की मोबाइल एप्लीकेशन होने का दावा करने वाला एक फर्जी लिंक या एपीके फाइल शेयर कर लोगों को फांस रहे है। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन को इस संबंध में सतर्क करते हुए एडवाइजरी जारी की है।

एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार ने बताया कि एडवाइजरी के अनुसार पीएम किसान रजिस्ट्रेशन एवं पीएम किसान योजना की फर्जी एपीके फ़ाइल व्हाट्सएप ग्रुप्स व अन्य माध्यमों से शेयर की जा रही है। दावा किया जा रहा है कि इस ऐप के जरिए किसान योजना में घर बैठे रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं और तुरंत लाभ पा सकते हैं।

एसपी कुमार ने बताया कि लेकिन पुलिस जांच में सामने आया है कि इस फर्जी एपीके फाइल के जरिए बैकडोर मैलवेयर मोबाइल में इंस्टॉल हो जाता है। इससे मोबाइल का नियंत्रण साइबर अपराधियों के पास चला जाता है। अपराधी फिर मोबाइल स्क्रीन रिकॉर्डिंग, ओटीपी, बैंकिंग एप्स व अन्य संवेदनशील जानकारी हासिल कर बैंक खातों से अवैध रूप से धन निकाल रहे हैं। साइबर क्राइम शाखा ने स्पष्ट किया है कि पीएम किसान योजना में रजिस्ट्रेशन सिर्फ तहसील स्तर के कृषि कार्यालय, केंद्र सरकार के पोर्टल या सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) के माध्यम से ही किया जाता है। इस योजना की आधिकारिक वेबसाइट है। यदि मोबाइल एप डाउनलोड करनी हो तो केवल गूगल प्ले स्टोर से आधिकारिक ऐप ही डाउनलोड करें।

साइबर क्राइम शाखा ने आमजन, विशेषकर किसानों और ई-मित्र संचालकों से अपील की है कि किसी भी फर्जी लिंक या ऐप से सावधान रहें। यदि ऐसी किसी गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन, पोर्टल या निकटतम पुलिस थाना, साइबर थाना पर सूचना दें। पुलिस ने कहा कि समय-समय पर साइबर अपराधी अपनी रणनीति बदल रहे हैं।

# मोबाइल स्नैचिंग की वारदात करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** लाल कोठी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल स्नैचिंग की वारदात करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है और उसके पास से छीना गया मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित के खिलाफ जयपुर के कई अलग-अलग थानों में बीस से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। जिनमें से कुछ मामले केस ऑफिसर स्कीम में चयनित भी है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व )तेजस्वनी गौतम ने बताया कि लाल कोठी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने वाले शातिर बदमाश सैफ अली खान निवासी रामगंज जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपित शातिर किस्म का अपराधी है। जिसके खिलाफ आदर्श नगर, रामगंज, मेट्रो थाना, विधाधर नगर, जवाहर नगर, रामगंज, सुभाष चौक, लाल कोठी, ब्रहमपुरी, माणक चौक, भट्टा बस्ती और ट्रांसपोर्ट नगर थाने में बीस से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपित के पास से छीना गया मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।



पुलिस ने मोबाइल स्नेचिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।

# सीवरेज जेटिग मशीन कार्य के लिए 32 लाख स्वीकृति

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने विधायक कोष द्वारा प्रदत्त राशि 32 लाख रूपये की लागत से नगर निगम जयपुर मालवीय नगर जोन को सीवरेज जेटिंग मशीन सीवर कार्य हेतू प्रदान की। नटवर कुमावत ने बताया की मालवीय नगर में सीवर लाइन की समस्या रहती आए दिन निगम की गाड़ी खराब रहती थी या दूसरे जोन में लगी हुई रहती थी। सराफ ने विधायक कोष से एक बड़ी सीवरेज जेटिंग मशीन केवल मालवीय नगर जोन के लिए दी है जिसको आज गैराज डी.सी करण सिंह को सुपुर्द की गई। इस अवसर पर जयपुर शहर उपाध्यक्ष ब्रह्माकुमार सैनी, पार्षद रमेश सैनी, दिनेश गौड़, नरेश शर्मा, उषा टाटीवाल, हिमांशु जैन, जयश्री गर्ग, राजेश कुमावत, महेश सैनी, लक्ष्मण नूनीवाल, राजुला सिंह, अभिषेक सैनी, ममता यादव, मंडल अध्यक्ष मोहित मूलचंदानी, दीनदयाल सैनी, संजीव शर्मा, प्रेम बड़ेतिया, रेखा तिवारी, सुधा सोडाणी, मनीष जैन एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हेरिटेज निगम : स्वास्थ्य शाखा की सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई

## 399 किलो पॉलीथिन की जब्त

**जयपुर।** हेरिटेज निगम की स्वास्थ्य शाखा ने शुक्रवार को सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान उपायुक्त स्वास्थ्य देवानंद शर्मा के नेतृत्व में टीम ने 120 किलो पॉलीथिन जब्त की।

उपायुक्त स्वास्थ्य देवानंद शर्मा ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण हसीजा के निर्देश पर स्वास्थ्य शाखा सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ लगातार अभियान चला रही हैं। जिसमें आमजन को जागरूक किया जा रहा है कि वे पॉलीथिन का उपयोग नहीं करें। साथ ही अभियान में पॉलीथिन बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान पिछले एक महीने में 399 किलो पॉलीथिन की जब्त की है, साथ ही 66 हजार रुपए का चालान भी किया है।

शुक्रवार को भी दस्ते ने बाइक पर लेकर जा रहे दो पॉलीथिन के कट्टे पकड़े, जिसमें करीब 120 किलो पॉलीथिन थी। उन्होंने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण हसीजा के निर्देश पर परकोटे के बाजारों में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी पॉलीथिन का उपयोग करने या बेचने पर निगम सख्त कार्रवाई कर रहा है।

वहीं आमजन में प्लास्टिक के दुष्प्रभाव की जानकारी मिलें, इसके लिए उपायुक्त स्वास्थ्य के नेतृत्व में रामगंज बाजार से बड़ी चौपड़ तक निकाली गई। जिसमें निगम अधिकारी और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्लास्टिक के खिलाफ नारे लगा कर आमजन को जागरूक किया।




निगम अधिकारी और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्लास्टिक के खिलाफ नारे लगा कर आमजन को जागरूक किया।